राजस्थान सरकार
युवा मामले एवं खेल विभाग जयपुर

क्रमांकः प. 11(10)खेल/2023

जयपुर, दिनांक 30.6.2023

निदेशक
प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा
शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ।

विषयः– राजीव गाँधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों के आयोजन हेतु टी–शर्ट वितरण कराने के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजीव गाँधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन दिनांक 10.07.2023 से किया जाना है। इस आयोजन हेतु उक्त खेलों में भाग लेने वाले समस्त पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता हेतु टी–शर्ट का वितरण किया जाना है। टी–शर्ट का उपापन राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर द्वारा किया जा रहा है एवं यह वितरण समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से PEEO एवं UCEEO द्वारा किया जाना है। अतः समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जावे कि उनके यहाँ प्राप्त समस्त टी–शर्ट का वितरण आयोजन से पूर्व अपने अधीनस्थ समस्त पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध करा कर पंजीकृत समस्त खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को टी–शर्ट वितरण किया जाना सुनिश्चित हो सके। टी–शर्ट वितरण की समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों की निहित की जावे तथा उक्त कार्य की मोनिटरिंग समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला शिक्षा अधिकारियों के द्वारा अपने–अपने जिलों में किया जाना सुनिश्चित करावे।

यह भी सुनिश्चित हो कि टी–शर्ट राजस्थन राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर से प्राप्त होने के पश्चात् उनका वितरण आयोजन से पूर्व हो जावे एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के द्वारा टी–शर्ट की प्राप्ति का स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज करते हुए वितरण की प्राप्ति रसीद प्राप्त कर इसका भी इन्द्राज करना सुनिश्चित किया जाये तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध होने वाली टी–शर्ट की प्राप्ति रसीद संबंधित जिला खेल अधिकारी व सम्बंधित संवेदक के प्रतिनिधि को उपलब्ध कराये।

उपरोक्त अधिकारियों को टी–शर्ट वितरण सुचारू रूप से करने हेतु संलग्न प्रपत्र की सूचना संबंधित जिला खेल अधिकारी एवं सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर को ईमेल आईडी rsscrajolympic@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान करावें।
संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(नरेश कुमार ठकराल)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त जिला कलेक्टर, राजस्थान।
2. सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् जयपुर।
3. समस्त जिला खेल अधिकारी, राजस्थान।

उप शासन सचिव

राजस्थान सरकार
युवा मामले एवं खेल विभाग जयपुर

माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट वर्ष 2023–24 की घोषणा संख्या 43 की अनुपालना में राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलम्पिक खेलों हेतु टी–शर्ट (स्पोर्ट्स किट) को ब्लॉक स्तर पर आपूर्ति हेतु प्रपत्र

- ब्लॉक / कलस्टर स्तर पर पंजीकृत खिलाड़ियों की संख्या – ....

विवरण	नाम	मोबाईल नंबर	अतिरिक्त मोबाईल नंबर	पता
CDEO				
CBEO/UCBEO				
ब्लॉक / कलस्टर स्तर पर टी–शर्ट प्राप्त करने वाले दो अधिकारी एवं कार्मिक पद सहित				
ब्लॉक / कलस्टर स्तर पर टी–शर्ट आपूर्ति का स्थान / कार्यालय				

हस्ताक्षर

नाम –

पद–

मोबाईल नंबर –